संख्या : 12/2015/436/छप्पन-15-01/2015

प्रेषक,

एस0के0 रघुवंशी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 20 मार्च, 2015

विषय :कानपुर (देहात) की तहसील रसूलाबाद में एक नयी राजकीय हवाई पट्टी की स्थापना।

महोदय,

उपर्युक्त विषय अपने पत्र संख्या-1198-1201/ए0एफ0-110-13/2015, दिनांक 03 मार्च, 2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें प्रस्ताव किया गया है कि महत्वपूर्ण भौगोलिक अवस्थिति, औद्योगिक विकास की सम्भावनाओं व पर्यटन के भावी विकास के दृष्टिगत जनपद कानपुर देहात के क्षेत्रान्तर्गत रसूलाबाद क्षेत्र में हवाई पट्टी की स्थापना किये जाने की आवश्यकता है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदय जनपद कानपुर (देहात) की सीमार्न्गत स्थित रसूलाबाद क्षेत्र में राजकीय हवाई पट्टी की स्थापना की प्रशासकीय स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान करते है। कृपया राजकीय हवाई पट्टी की स्थापना हेतु आवश्यक भूमि की व्यवस्था एवं अन्य आनुषंगिक विन्दुओं पर अपेक्षित कार्यवाही नियमानुसार सम्पन्न कराने हेतु संबंधित पक्षों एवं सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर आवश्यक प्रस्ताव तत्परतापूर्वक शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(एस0के0 रघुवंशी)
सचिव।

पृ0सं0 : 12/2015/436(1)/छप्पन-2015-तद् दिनांक।

प्रतिलिपि जिलाधिकारी, कानपुर देहात को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(कृष्ण चन्द्र राय शर्मा)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in